ये दीवाना राम का | by Toshi Kaur

वीर बलवान का मेरे हनुमान का
रुतबा निराला है
चुटकी बजाये ये तो राम गुण गाये
जाप्ता रहे राम का नाम
ये दीवाना राम का ये दीवाना

सेवक प्यारा बजरंग बाला
राम की धुन में रहे मतवाला
भक्त शिरोमणि शिव अवतारी
दातारि माँ अंजनी लाला
बिगड़ी बनाये दु:ख दर्द मिटाये
देता सुख चैन आराम
ये दीवाना राम का ये दीवाना

राम सिया को दिल में बिठाया
चीर के सीना दर्श कराया
चाहत की परिभाषा इसने बीच सभा में है सिखलाया
रहे सदा मस्त सूर्य उदय हो या अस्त
सूझे ना दूजा काम
ये दीवाना राम का ये दीवाना

बल बुद्धि दातार है बाला
मारुती नंदन बड़ा दिलवाला
संकट मोचन मंगलकारी
संतो का है ये रखवाला
ध्यान लगाएं और बाला को मनाये
कुंदन करे तुझे प्रणाम
ये दीवाना राम का ये दीवाना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-toshi-kaur/